और अनोखे अंदाज में निभाती है।

श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने पेश किया एग्री इनपुट

नई दिल्ली। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने विशिष्ट पोषण एवं फसल सुरक्षा (स्पेशलटी न्यूट्रिशन एवं क्रॉप प्रोटेक्शन) में नए एग्री-इनपुट्स का लॉन्च किया। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये आधुनिक अनुसंधान,उन्मुख उत्पाद पेश किए हैं। स्पेशलटी न्यूट्रिशन में लॉन्च किए गए दो आधुनिक उत्पाद हैं. श्रीराम जेन,जैड एवं श्रीराम जिन ड्रिप। जैन-जैड आधुनिक पीढ़ी का बायो स्टिमुलेन्ट है। जैन-जैड में आने वाले विभिन्न मेटाबोलाइट सुनिश्चित करते हैं कि पौधा जैविक एवं अजैविक तनाव को सहन कर सके तथा अपनी आनुवंशिक क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परफोर्मेन्स दे सके। जिन ड्रिप, यूरोप से स्मार्ट फ्लो तकनीक द्वारा पावर्ड जिंक संस्पेंशन उत्पाद है, जो बेहतर सस्पेन्शन क्षमता, स्प्रे क्षमता और पोषण प्रदान करता है। इस उत्पाद के इस्तेमाल से फसल का परफोर्मेन्स बेहतर होता है, उत्पादकता बढ़ती है तथा पौधे में पोषण अवशोषण का स्तर बढ़ने से फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।